मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः26.04.2026

थाना ड्रमण्डगंज व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा क्रेटा कार से 300 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब (अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रूपये) बरामद, 02 अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार-

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना ड्रमण्डगंज व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांकः 26.02.2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना ड्रमण्डगंज क्षेत्रांतर्गत बरम बाबा मंदिर के पास सघन चेकिंग कर क्रेटा कार अंकित वाहन संख्याः DL 08 CBK 1138 सवार 02 अभियुक्तों 1. नागेन्द्र शाह पुत्र रामप्रवेश शाह निवासी हेतनपुर थाना दानापुर, पटना, बिहार व 2. इशू सिंह पुत्र पुण्यदेव सिंह निवासी मजीदपुर थाना किन्जर, जिला जहाँनाबाद, बिहार को गिरफ्तार किया गया। बरामद वाहन की तलाशी ली गयी तो उपरोक्त वाहन क्रेटा कार से 300 बोतल अलग-अलग ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ड्रमण्डगंज पर मु0अ0स0- 47/2026 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 318(3),338,336(3),340(2) बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त उपरोक्त वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

पूछताछ विवरण —

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उनके द्वारा कार का नम्बर प्लेट को बदलकर हरियाणा से अवैध अंग्रेजी शराब बिहार ले जाकर ऊंचे दामों पर बिक्री कर देते है। अवैध शराब को उक्त वाहन में छिपाकर ले जा रहे थे कि पुलिस द्वारा हम लोगो को पकड़ लिया गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण—

1. नागेन्द्र शाह पुत्र रामप्रवेश शाह निवासी हेतनपुर थाना दानापुर, पटना, बिहार, उम्र 35 वर्ष।
2. इशू सिंह पुत्र पुण्यदेव सिंह निवासी मजीदपुर थाना किन्जर, जिला जहाँनाबाद, बिहार, उम्र 26 वर्ष।

बरामदगी विवरण —

रायल रण थम्भौर- 10 बोतल, 100 पाइपर डिलक्स 05 बोतल, जानीवाकर ब्लैक लेवल 08 बोतल, जानीवाकर रेड लेवल 234 बोतल, बैलेटाइन्स 20 बोतल, वोदका 23 बोतल (कुल 300 बोतल अंग्रेजी शराब)
क्रेटा कार अंकित वाहन संख्याः DL 08 CBK 1138 बरामद।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0स0-47/2026 धारा-60/63 आबकारी अधि. व 318(3),338,336(3),340(2) BNS थाना ड्रमण्डगंज मीरजापुर।

गिरफ्तारी स्थान–

थाना ड्रमण्डगंज क्षेत्रांतर्गत बरम बाबा मंदिर के पास से।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

थानाध्यक्ष भारत सुमन मय टीम, थाना ड्रमण्डगंज, जनपद मीरजापुर।
उ0नि0 मूलचन्द्र वर्मा मय पुलिस टीम थाना ड्रमण्डगंज, जनपद मीरजापुर।
प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह सर्विलांस/एसओजी मय पुलिस टीम।

****